हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.9 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

11 कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति, धरना स्थगित



12 2.70 करोड़ से होंगे विकास कार्य, पक्की होंगी गलियां



## खबर संक्षेप

### बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

**सोनीपत।** बाइक के डिवाइडर से टकराने से बाइकर की मौत हो गई। दुर्घटना एसआरएम यूनिवर्सिटी के नजदीक हुई। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद राई थाना पुलिस ने स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक की पहचान अटेरना के रहनेवाले चालीस वर्षीय सतीश के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। अटेरना का रहनेवाला सतीश रविवार रात अपने परिचित के शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया थां। रात में वापस लौटते समय उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में सतीश की मौके पर ही मौत हो गई। सतीश की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। वह अपने घर का बड़ा लड़का था। उसकी मौत के बाद परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में की मरीजों की जांच



**सोनीपत।** महात्मा आशा नन्द वधवा हिंदू मंच एवं जिला अंधता निवारण समिति सोनीपत के तत्वाधान तथा स्वर्गीय सत्या राज पाल की स्मृति में 267वां निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आनंदपुर सत्संग भवन, कुम्हार गेट सोनीपत में आयोजित किया गया। शिविर संस्था प्रधान हरिचन्द स्नेही की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डॉ. धर्म पाल ढींगरा के विशिष्ट सहयोग से आयोजित इस शिविर में आचार्य सुनीता अरोड़ा के ब्रह्मत्व में यज्ञ किया गया, जिसमें मुख्य यजमान ऋषि पाल भदाना ने आहुति देकर शुभारंभ किया। नागरिक अस्पताल की नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुशील मानकटालिया ने रोगियों की गहन जांच की। शिविर में ओपीडी 127 रही।

### शिविर में जांच के बाद दवाइयां वितरित



**सोनीपत।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मैमोरियल अस्पताल मामा भांजा चौक के सहयोग से किया गया। जिसमें हृदय रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, ब्लड टेस्ट, ईसीजी, जनरल हेल्थ चैकअप, हड्डी रोग आदि की डॉ. रमेश मेहता, डॉ. समीर मेहता, डॉ. अमनदीप कौर, डॉ. गौरव सिंगला, डॉ. गौरव रंधावा, डॉ. गुरप्रीत सिंह आदि ने चिकित्सकों की जांच की। शिविर में 150 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान प्रधान कुलदीप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### सीबीएसई की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं आज से, 20800 विद्यार्थी देंगे पेपर

# छात्रों को आधे घंटे पहले केंद्रों पर पहुंचना होगा, दोनों परीक्षाओं के लिए 33 सेंटर बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- शहरी क्षेत्र में ही बनाए गए हैं अधिकांश केंद्र
- एडमिट कार्ड से मिलेगा सेंटर में प्रवेश
- छात्रों की संख्या को देखते हुए तीन नए सेंटर बने

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से सोनीपत में बनाए गए 33 केंद्रों पर 17 फरवरी मंगलवार से कक्षा 10वीं व 12वीं के करीब 20800 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दसवीं में सुबह साढ़े दस से दोपहर 1:30 बजे तक गणित स्टैंडर्ड व गणित बेसिक की परीक्षा होगी। 12वीं में सुबह साढ़े दस से दोपहर 1:30 बजे बा यो टे क नो लॉ जी , इंटरप्रन्योरशिप की परीक्षा है। इस साल सीबीएसई की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। जिला शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा को लेकर केंद्रों पर अभी से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। बोर्ड ने अधिकांश परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में बनाए हैं। जहां परीक्षार्थियों को गेट पर प्रवेश पत्र दिखाकर केंद्र में प्रवेश मिल पाएगा, वहीं परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षार्थियों पर नजर रखी जाएगी। इस वर्ष परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए क्षेत्र अनुसार आसपास 3 नए परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। सीबीएसई की ओर से राई व कुंडली क्षेत्र के लिए सनराइज स्कूल, तो गन्नौर खंड में बाल भारती स्कूल में केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा गोहाना क्षेत्र के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नवोदय विद्यालय में परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया है।



सोनीपत। मॉडल टाउन के राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में परीक्षा को लेकर तैयारी करते विद्यार्थी।

### उत्तर पुस्तिका जांच के लिए डिजिटल श्रेणी का होगा प्रयोग

सीबीएसई बोर्ड ने इस बार विद्यार्थियों का तनाव कम करने को परीक्षा में कुछ बदलाव किए गए हैं। इस बार कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिका जांच के लिए डिजिटल श्रेणी का प्रयोग किया जाएगा। उत्तर पुस्तिका की जांच से पहले उसे स्कैन किया जाएगा, इसके बाद शिक्षक कंप्यूटर के माध्यम से उत्तर पुस्तिका की जांच कर साथ बने स्लैब में अंक दर्ज करेंगे। शिक्षकों का मानना है कि इस प्रक्रिया से रीचैकिंग संबंधी खामियां दूर हो सकेंगी। विद्यार्थियों को भी इस प्रक्रिया से लाभ मिलेगा।

### दसवीं में करीब 11 हजार बारहवीं में 9800 छात्र देंगे पेपर

मंगलवार से प्रारंभ हो रही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थी तैयारी में जुटे हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 11 मार्च तक चलेंगी तो कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 10 अप्रैल को संपन्न होंगी। इस बार सीबीएसई की ओर से कक्षा 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं को लेकर जिला में 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। ज्यादातर शहरी क्षेत्रों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर इस बार करीब 20800 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। इनमें कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की संख्या करीब 11 हजार, तो कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की संख्या करीब 9800 हैं।

### अंक सुधार के परीक्षार्थी मई में पुनः दे सकेंगे परीक्षा

वार्षिक परीक्षा के बाद कई बार विद्यार्थी अपने अंकों को लेकर असमंजस की स्थिति में रहते हैं। मेहनत के हिसाब से परीक्षा में नहीं मिले अंक उन्हें तनाव की स्थिति तक पहुंचा देते हैं। ऐसे में सीबीएसई ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को राहत देते हुए एक निर्णय लिया है। शिक्षकों की मानें तो अब छात्र एक ही शैक्षणिक वर्ष में दो बार कोई भी 3 विषयों में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा दे सकेंगे। पहली परीक्षा फरवरी-मार्च में अनिवार्य होगी। यदि किसी विद्यार्थी को 3 विषयों में अपने प्राप्त अंकों पर संतुष्टि नहीं है तो वह मई में पुनः इन विषयों की दूसरी परीक्षा में शामिल होकर अंकों संबंधी सुधार ला सकते हैं। जिस परीक्षा में उनके अंक ज्यादा होंगे, उन्हें ही फाइनल अंक माना जाएगा।

### सवाल संबंधी सेक्शन में ही देना होगा उत्तर

शिक्षकों के अनुसार इस वर्ष सीबीएसई ने परीक्षा में आने वाले प्रश्न पत्रों में कुछ बदलाव किए हैं। सीबीएसई बोर्ड ने शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में पहले ही अवगत करा दिया है। साथ ही उन्हें नियमानुसार तैयारी भी करवाई गई है। इस बार प्रश्न पत्र में केस स्टडी बेस्ट प्रश्न, एमसीक्यू व वर्णनात्मक प्रश्नों का संतुलित मिश्रण रखा गया है, ताकि विद्यार्थी प्रश्नों को रटने के बजाय उन्हें समझने पर अपना ध्यान केंद्रित करें। कक्षा 10वीं के विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के पेपर में विद्यार्थी सिर्फ उसी सेक्शन में जवाब दे सकते हैं, जिसका सवाल है। यदि कोई परीक्षार्थी दूसरे सेक्शन में उत्तर देता है, तो उसे ठीक नहीं माना जाएगा।

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं 25 फरवरी से

## जिले में 83 केंद्र बने आठ संवदेनशील घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- 20 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी देंगे परीक्षा, एक ही सत्र में होगी परीक्षा
- गन्नौर व खरखौदा में 2-2 व गोहाना में 4 परीक्षा केंद्र संवेदनशील की श्रेणी में शामिल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) ने फरवरी-मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं को लेकर जिला में 83 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें से 8 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में शामिल किया गया है, जबकि एक भी परीक्षा केंद्र अतिसंवेदनशील श्रेणी में शामिल नहीं है। नकलरहित परीक्षा संपन्न करवाने के लिए संवेदनशील केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एचबीएसई की ओर से कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही हैं। इस बार कक्षा 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से 1 अप्रैल, तो कक्षा 10वीं की परीक्षा 26 फरवरी से 20 मार्च तक संचालित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं एक ही सत्र में दोपहर 12:30 से 3:30 बजे तक होगी। सभी केंद्रों पर इस बार 20 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सोनीपत में कुल 37 परीक्षा केंद्र पर परीक्षा होगी। यहां कोई भी परीक्षा केंद्र संवेदनशील श्रेणी में नहीं रखा गया है। परीक्षा को लेकर सबसे अधिक संवेदनशील केंद्र गोहाना में रहेंगे। गोहाना में बोर्ड ने 26 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें से चार परीक्षा केंद्रों धनाना, छिछड़ाना, चिटाना, बनवासा को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

### परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

इसके अतिरिक्त खरखौदा में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से बिधलान, फरमाणा-3 में बना परीक्षा केंद्र संवेदनशील की श्रेणी में है। गन्नौर में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें पुगथला, खेड़ी गुज्जर में बना केंद्र संवेदनशील श्रेणी में शामिल है। बोर्ड की ओर से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी से नजर रखी जाएगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

### नकलरहित परीक्षा के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध


हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 25 फरवरी से कक्षा 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाएं प्रारंभ की जा रही हैं। परीक्षाओं के लिए जिला में 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 8 परीक्षा केंद्र संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। केंद्रों पर नकलरहित परीक्षा संपन्न करवाने व सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध रहेंगे।
-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### पेयजल-सीवर कनेक्शन को वैध कराने को 47 लोगों ने किया आवेदन

## विशेष शिविर लगा रहा निगम, इसके बाद अवैध कनेक्शन मिलने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम की ओर से पेयजल-सीवर कनेक्शन को वैध कराने के लिए शिविर लगाने की प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है। कामी रोड स्थित बाबा धाम मंदिर के पास सैनीपुरा धर्मशाला में सोमवार को वार्ड नंबर 1 के लोगों के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में 47 लोगों ने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए अपने दस्तावेज जमा कराए। नगर निगम की ओर से मंगलवार को भी इसी स्थान पर शिविर लगाया जाएगा। जिससे लोग अपने कनेक्शन वैध कराने के लिए अपने आवेदन कर सके। बता दें कि इससे पहले लगाए गए शिविरों के माध्यम से 500 से ज्यादा लोग अपने आवेदन जमा करवा चुके हैं।



### निगम की अपील, शहरवासी योजना का लाभ उठाएं

निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि जो लोग इन शिविरों में अपने अवैध कनेक्शन को वैध नहीं कराएंगे, उनके कनेक्शन शिविर समापन के बाद काटना शुरू कर दिया जाएगा। शिविरों में अपने अवैध कनेक्शन को वैध कराने वाले नागरिकों को कई तरह की औपचारिकताओं से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की, कि नगर निगम की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

### धनाना दंगल में पहलवानों ने लगाए दाव-पेंच

## परमजीत और आशीष के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा, दूसरी कुश्ती में लड्डू जीता



**गोहाना।** शिवनगरी धनाना में महाशिवरात्रि पर आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दाव-पेंच लगाते हुए अपनी ताकत दिखाई। कुश्ती दंगल गांव स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शिव मंदिर के परिसर में हुआ। विजेता खिलाडियों को उद्योगपति घनश्याम तायल ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमारे राष्ट्र का गौरव हैं। हर युवा को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में अवश्य प्रतिभागिता करनी चाहिए। दंगल की पहली कुश्ती गांव कथूरा के पहलवान परमजीत और गांव धनाना के पहलवान आशीष में कांटे की टक्कर के बाद बराबर रही। दूसरी कुश्ती जतिन गोहाना और मेहर सिंह अखाड़ा के पहलवान लड्डू के बीच हुई। यह कुश्ती पहलवान लड्डू ने अपने नाम कर ली। दंगल की तीसरी कुश्ती गांव बली ब्राह्मणान स्थित योगेश्वर दत्त अखाड़ा और अतुल अखाड़ा के पहलवानों के बीच हुई। विजेता पहलवानों को उद्योगपति घनश्याम तायल, कयाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन हरियाणा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. अनिल धनाना, पंजाब पुलिस में डीएसपी सतीश कुमार, बिजेंद्र शास्त्री, डॉ. राममेहर राठी, सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार, सोमबीर जाटायन, रमेश शर्मा, बलबीर शास्त्री व अन्य मौजूद रहे।

### बीपीएल प्लाट सर्वे में भेदभाव का आरोप

## पैसे न देने पर काटे जा रहे नाम, एडीसी से शिकायत



**सोनीपत।** गढी हकीकत गांव में बीपीएल परिवारों को 100 गज के प्लाटों के सर्वे में कथित अनियमितताओं और पैसे मांगने के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने एडीसी सोनीपत को लिखित शिकायत दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पात्र बीपीएल परिवारों को सूची से बाहर रखा जा रहा है और पैसे न देने पर नाम काटे जा रहे हैं। संजय बड़वासनिया ने बताया कि पहले सर्वे में 116 पात्र परिवार थे, ग्राम सभा में 76 नाम फाइनल हुए, जबकि तीसरे सर्वे में केवल 10-14 नाम ही जोड़े गए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भेदभाव जारी रहा तो ग्रामीण मुख्यमंत्री के दौरे पर बीपीएल कार्ड लौटाएंगे और जिला उपायुक्त कार्यालय के सामने भूख हड़ताल करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की योजनाएं जमीन स्तर पर लागू नहीं हो रहीं, बीपीएल कार्ड और पेंशन काटी जा रही है तथा फैमिली आईडी में आय बढ़ाकर गरीबों को योजनाओं से वंचित किया जा रहा है। बैठक में संदीप, प्रदीप, राकेश, संजय, विक्रांत सहित अन्य मौजूद रहे।

### मुरथल विवि में छात्र संगठनों का हल्ला बोल, एकत्रित होकर उठाई मूलभूत सुविधाओं की मांग

प्रदर्शनकारियों ने 18 मांगों को उठाया, एंबुलेंस की सुविधा न होने पर जताई चिंता

## छात्र बोले-किसी भी समय चली जाती है बिजली, इंटरनेट और वाईफाई बेदम और क्लास रूम में किसी प्रकार की सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं को लेकर छात्र संगठनों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर रोष जताया। छात्र-छात्राएं एकत्रित होकर रोष जताते हुए कुलपति कार्यालय तक पहुंचे। वहीं विवि में नॉन टीचिंग एसोसिएशन भी का लंबित मांगों को लेकर 18वें दिन धरना जारी रहा। प्रदर्शन में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक रोहन मलिक, नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) व भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (आईएनएसओ) के पदाधिकारियों के नेतृत्व में युवाओं ने मुरथल विश्वविद्यालय पहुंचकर रोष जताया। रौनक खत्री व रोहन मलिक ने बताया कि सभी संगठनों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कुलपति के साथ विस्तृत मांगों पर बैठक की। इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्रों की 18 प्रमुख समस्याओं को उठाया गया, जो लंबे समय से लंबित थीं। जिनसे छात्रों का शैक्षणिक व दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में किसी भी समय बिजली चली जाती है, कंप्यूटर लैब के लिए बैकअप तक उपलब्ध नहीं है। इंटरनेट व वाईफाई व्यवस्था बेहद खराब है। विवि की दुकानों के टेंडर वर्षों से नवीनीकृत नहीं हुए। एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं है। आवश्यक सॉफ्टवेयर खरीद में देरी करने के साथ पुस्तकालयों की व्यवस्था अत्यंत खराब है। विभागों में मेंटेनेंस का अभाव, कक्षाओं में पंखे, लाइट, शौचालय की स्थिति निंदनीय है। वॉटर कूलर खरीदे जाने के बाद भी इंस्टॉलेशन अधूरा है। छात्रावास की स्थिति दयनीय है। अतिरिक्त बिजली बिल की राशि वापस नहीं की जाती है। वर्षों से एक ही वार्डन, सुपरवाइजर में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



सोनीपत। विश्वविद्यालय में रोष मार्च निकालते छात्र।



सोनीपत। कुलपति कार्यालय के बाहर रोष जताते छात्र।

### समाधान का आश्वासन


- 24×7 बिजली उपलब्धता- तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित
- इंटरनेट/वाईफाई समस्या – शीघ्र समाधान के लिए कार्रवाई प्रारंभ
- दुकानों पर अधिकृत रेट लिस्ट - तत्काल प्रभाव से अनिवार्य
- मेडिकल सेंटर में आवश्यक दवाइयां - तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश
- लाइब्रेरी मरम्मत कार्य -15 दिनों में पूर्ण
- कक्षाओं व शौचालयों की मरम्मत - 15 दिनों में सुधार, वॉटर कूलर इंस्टॉलेशन - 7 दिनों में पूर्ण
- छात्रावास की समस्याओं के लिए कमेटी गठन - 1 माह में समाधान
- स्पोर्ट्स ग्राउंड व लाइट सुधार, माह में
- लंबित आई-कार्ड जारी,एक सप्ताह में छात्रों की लंबित फाइलों का निस्तारण तत्काल प्रभाव से होगा
- कुलपति प्रतिदिन 12 से 1 बजे तक छात्रों से मिलकर समस्या सुनेंगे
- सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन एक माह में खरीद प्रक्रिया पूर्ण

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस सख्त, 15 के चालान कोटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सोमवार को रेलवे रोड पर विशेष अभियान चलाया गया। यातायात गन्नौर इंचार्ज उप निरीक्षक सोहन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गलत तरीके से सड़क किनारे खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 15 चालान किए। अभियान के दौरान एक बुलेट बाइक चालक यातायात नियम उल्लंघन करते हुए पाया गया। जांच में सामने आया कि चालक के पास न तो हेलमेट था और न ही ड्राइविंग लाइसेंस। इसके अलावा बाइक की आरसी और प्रदूषण प्रमाण पत्र (धुआं पर्ची) भी उपलब्ध नहीं था। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी तथा साइलेंसर भी माडिफाइड पाया गया, जिससे अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उक्त बाइक का 31 हजार 500 रुपये का चालान किया और उसे इंपाउंड कर लिया। उप निरीक्षक सोहन सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### बुलेट चालक पर 31500 रुपये जुर्माना





वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

# होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

## काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

## बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा।

# ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह
स्नेहा सिंह



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवाद:** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वास:** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूर:** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबू:** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्य:** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं।

बिहेवियर
ललिता गोयल

कई लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। ऐसा जजमेंटल नेचर आपके पर्सनल-सोशल रिलेशन बनाने में बाधक हो सकता है। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

# क्या आपका नेचर है जजमेंटल ऐसे करें खुद में बदलाव

हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या घटना को देखकर बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। वे बिना ज्यादा सोचे-समझे किसी के भी बारे में अपनी राय कायम कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति जजमेंटल नेचर वाले होते हैं। ऐसे लोग अकसर दूसरे में कमियां खोजते रहते हैं।

**ऐसे होती है पहचान:** आपके आस-पास का कोई व्यक्ति जजमेंटल नेचर का है, इसे आप उसके कुछ बर्तावों से पहचान सकती हैं।

- ऐसे लोग खुद को बहुत अहमियत देते हैं और सामने वाले को छोटा समझते हैं।
- खुद को समझदार और हर विषय का जानकार मानते हैं।
- ये लोग अपनी सलाह खुद देने लगते हैं और दूसरों को अपनी सलाह को मानने के लिए बाध्य भी करते हैं।
- जजमेंटल नेचर वाले लोगों का व्यवहार थोड़ा जिद्दी होता है और वे हमेशा दूसरों से आगे निकलने की चाह में रहते हैं।
- वे अपनी राय को सर्वोपरि मानकर दूसरों की राय को महत्व नहीं देते हैं।
- ऐसे लोग बातचीत के दौरान अकसर तेज आवाज में बोलते हैं।
- ये लोगों को हमेशा 'अच्छे' या 'बुरे' के तराजू में तौलते रहते हैं और अपने आप को सही साबित करने के लिए दूसरों की निंदा और कमियां खोजने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।
- ऐसे लोग दूसरों की तारीफ करने या उन्हें प्रोत्साहित करने से बचते हैं।
- ऐसे लोग नकारात्मक सोच के होते हैं।

**ऐसे बर्ताव से खुद को बचाएं:** अगर आपको उक्त में से कोई बर्ताव खुद में नजर आता है तो आप कुछ बातों पर अमल करके इसमें सुधार कर सकती हैं। जजमेंटल होने से बच सकती हैं।

**पूरे नेचर को परखें:** कभी-कभी लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिसे आप सही नहीं समझते, जैसे किसी के लंच में से उठाकर खा लेना या फिर बाजार में खूब मोलभाव करना। ऐसे में जरूरी है, कि उन्हें उनके बर्ताव के हिसाब से न जज किया जाए। हो सकता है कि उनमें ऐसी कई पॉजिटिव क्वालिटीज भी हों, जिन्हें आपने अभी तक देखा ही नहीं हो। इसलिए किसी डिसीजन पर पहुंचने से पहले पूरी तरह परख लें।



**खुद को सामने वाले की जगह पर रखकर देखें:** हर इंसान की स्किल्स, नेचर, उनकी जिंदगी के अनुभवों, रहन-सहन के अनुसार होता है। उनकी पर्सनालिटी में उनके साथ किया हुआ बर्ताव, उनकी परिस्थितियां काफी अहम भूमिका अदा करती हैं। इसलिए किसी इंसान को अच्छे से जाने बिना उनके बारे में राय न बनाएं।



**अपीयरेंस से न जज करें:** हर इंसान अपनी पसंद कंफर्ट के अनुसार तैयार होता है। इस आधार पर उनकी पर्सनालिटी के बारे में जज करना सही नहीं होता। अगर किसी ने टैटू बनवाए हुए हैं तो उसके बारे में यह राय बनाना कि वो गंभीर व्यक्ति नहीं हो सकता, सही नहीं है। इस सोच से उबरना चाहिए।

**राय बनाने से पहले लें कुछ वक्त:** किसी भी इंसान से सिर्फ 5 मिनट बात करने के बाद उसके बारे में कोई राय बना लेना सही नहीं होता, क्योंकि इतने कम समय में कोई किसी के भी बारे में सब कुछ कैसे जान सकता है। किसी भी इंसान के बारे में अपनी तरफ से राय बनाने से पहले, आपको उनके बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी के बारे में कोई भी राय बनाने से पहले एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने-समझने का मौका दें, नहीं तो सामने वाला भी आपके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा और एक अच्छा रिश्ता बनाने से चूक सकते हैं।

स्किन केयर
प्रीति गुप्ता

# जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।



- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्सट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें।

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस
डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्सट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# इस मौसम में हेल्थ की करें एक्सट्रा केयर

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वही शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जी:** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।



**सर्दी-खांसी-जुकाम:** दिन का तापमान बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



**हड्डियों-जोड़ों में दर्द:** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।

**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें।

**प्रस्तुति: विनीता कुमारी**

## खबर संक्षेप

### ऊर्जावान नृत्य से दर्शकों को किया आनंदित

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रेड 1 का क्लास प्रेजेंटेशन कार्यक्रम सफरनामा – द रेनबो एक्सप्रेस थीम पर आयोजित किया गया। नन्हें विद्यार्थियों ने रंगीन प्रस्तुतियों, आत्मविश्वास से भरे संवाद, मधुर गीतों और ऊर्जावान नृत्य के माध्यम से दर्शकों को आनंदित किया। अभिभावकों ने बच्चों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सराहना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। स्कूल निदेशक समीक्षा पंवार ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते अभिभावकों का आभार जताया।

### लक्ष्य हासिल करने को युवा मोर्चा ने किया मंथन

**खरखौदा।** भाजपा युवा मोर्चा रोहट मंडल की बैठक खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के गांव हरसाना में आयोजित की गई। जिसमें युवा मोर्चा जिला महामंत्री सुमित अंतिल, मीडिया प्रभारी एवं युवा मोर्चा रोहट मंडल प्रभारी रोहित शर्मा, जिला मीडिया सह प्रभारी सुमित गर्ग, मंडल अध्यक्ष प्रवीन शर्मा, मंडल महामंत्री रघुनंदन राठी व अश्वनी आदि मौजूद रहे। पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को गाँव-गाँव तथा बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुँचाने के लिए बैठक में विस्तृत चर्चा की गई।

### फौजी मेहर सिंह की याद में रंग -ए- रागनी महोत्सव

**खरखौदा।** लोक कवि फौजी मेहर सिंह की जयंती पर गांव बरोणा रंग -ए- रागनी नामक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शहीद कवि मेहर सिंह स्मारक समिति और ग्राम पंचायत बरोणा के सौजन्य से किया गया। जिसे मारुति के विक्रेता जगमोहन ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड ने प्रायोजित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायक नरेंद्र दांगी, सत्ते फरमाणा, अमित रोहणा, बबली वर्मा, पवन बड़वासनी, अमित बरोदा, आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

### वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन में दी आहुतियां

**गोहाना।** गांव महमूदपुर में आयोजित पांच कुंडीय महारुद्र यज्ञ सोमवार को सम्पन्न हो गया। यज्ञ में श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। यज्ञ में पूर्णाहुति डलवाने गांव रभड़ा स्थित डेरा बाबा मजलिस नाथ डेरे के प्रमुख महंत बाबा चमन नाथ महाराज पहुंचे। सानिध्य सीता-राम मंदिर के महंत बाबा महावीर दास का रहा। यज्ञ में पूर्णाहुति के बाद मंदिर परिसर में कुश्ती दंगल आयोजित किया गया।

### शिविर में 44 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को शहर में ड्रेन संख्या 8 के पुल के समीप स्थित भगवान परशुराम चौक में भागराम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 2 महिलाओं समेत 44 नागरिकों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता परिषद हरियाणा के न्याय प्रवाह प्रमुख रजनीश मलिक, एडवोकेट अंकित शर्मा और एडवोकेट मंजीत नरवाल थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की जबकि संयोजन सतीश सैनी ने किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दो महिलाएं प्रीति और पिंकी ने रक्तदान किया।

## कार्यकारी अभियंता ने मांगों को शीघ्र पूरा करने का दिया आश्वासन

# कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति के बाद धरना स्थगित

कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर कई दिन से चल रहा था धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में बी एंड आर विभाग के कार्यकारी अभियंता मंडल पी-2 के समक्ष कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे धरने का छठा दिन रहा। धरने की अध्यक्षता प्रांतीय चेयरमैन रणबीर दलाल ने की, जबकि मंच संचालन गोहाना शाखा प्रधान मनोज कुमार ने किया। कार्यकारी अभियंता ने यूनियन प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए बुलाया, जहां बी एंड आर ब्रांच सोनीपत के सचिव नरेश कुमार ने कर्मचारियों की मांगें विस्तार से रखीं। बातचीत के दौरान सभी मांगों पर सहमति बनी, जिसके बाद कार्यकारी अभियंता ने धरना स्थल पर आकर मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रांतीय चेयरमैन रणबीर दलाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मांगों के पूरा होने तक धरना स्थगित करने की घोषणा की। इस अवसर पर रामलाल, सुभाष भट्टी, सुनील कुमार, नरेश कुमार और मनोज कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी एवं अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



सोनीतप। बैठक के दौरान उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने सांसदों-विधायक को सौंपा ज्ञापन

**गोहाना।** हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक एसोसिएशन (हुकटा) ने बजट सत्र में विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की सेवा सुरक्षा का मुद्दा उठाने की मांग की। इसको लेकर हुकटा प्रतिनिधिमंडल ने रोहतक के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल को ज्ञापन सौंपा। हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रदेश के राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत करीब 1,400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसर लंबे समय से सेवा सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। दो माह पूर्व छह विश्वविद्यालयों से मांगी गई आवश्यक सूचनाएं अभी तक शिक्षा विभाग को प्राप्त नहीं हुई हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया लंबित है और शिक्षकों में चिंता बढ़ रही है। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष डा. विजय मलिक के अनुसार तीनों जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे सदन में यह मुद्दा उठाकर शिक्षा मंत्री से प्रश्न करेंगे।



### सरकार और विपक्ष पर लगाया रिटायर्ड कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप

**सोनीपत।** ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य स्तरीय बैठक सोमवार को बस स्टैंड स्थित मंदिर प्रांगण में जिला प्रधान हवा सिंह दहिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन बलवीर सिंह ने किया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़ ने केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी व मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए रिटायर्ड कर्मचारियों की अनदेखी का आरोप लगाया और सरकार को चेतावनी दी कि कर्मचारियों ने जीवन का महत्वपूर्ण भाग जनता की सेवा में लगाया है। जिला प्रधान हवा सिंह दहिया ने कहा कि जिला सोनीपत हर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएगा और सरकार व विपक्ष दोनों पर रिटायर्ड कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाया। बैठक में इंद्रपाल दहिया, जय किशन, ओम सिंह, हरिचंद, इंद्र दहिया, जय भगवान, राजेंद्र, सुंदर बसना, देवेंद्र, दयाचंद, सतनारायण, यशपाल मलिक, पाल सिंह और सुखवीर रोहिल्ला उपस्थित रहे।



राई। विराट हिंदू सम्मेलन में पुनीत राई विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ।

### संत-महात्माओं ने दिया सामाजिक एकता का संदेश

**राई।** राठधना रोड स्थित जिंदल ग्लोबल सोसायटी में जिंदल क्लब हाउस की ओर से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 1008 स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज एवं मेजर अनीता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सम्मेलन में राई की विधायक कृष्णा गहलावत, निवर्तमान मेयर राजीव जैन, भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान, देवेंद्र गौतम, प्रेम गौतम, तीर्थ राणा, जसवीर दोदवा व पुनीत राई विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता और संगठन की भावना मजबूत होती है। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामकरण खत्री, राधेश्याम, राज सिंह दहिया, राकेश कौशिक, राजबीर दहिया, राजपाल, दीपक कौशिक, राजीव राणा, देवी सिंह, अजय पालीवाल, अशोक कुमार, देवेंद्र सिंह घंघस, राजबीर खत्री, देवेंद्र सिंह कुहाड़ मौजूद रहे।



गन्नौर। प्राचार्य डा. मनोज कुमार का स्वागत करती सहायक प्राध्यापक रजनी देवी।

### सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित जैन गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा गांव टेहा में सात दिवसीय शिविर का सोमवार को शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार और टेहा के सरपंच आशीष त्यागी ने किया। कार्यक्रम संयोजक सहायक प्राध्यापक रजनी देवी ने बताया कि शिविर 16 से 22 फरवरी तक आयोजित होगा, जिसमें 50 स्वयंसेविकाएं भाग ले रही हैं। पहले दिन छात्राएं गांव का सर्वे कर ग्रामीण जीवन की समस्याओं और सकारात्मक पहलुओं का अध्ययन करेंगी। समापन अवसर पर एमडीयू से एनएसएस संयोजक डा. सविता, विधायक देवेंद्र कादियान सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# ताइक्वांडो इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज को दूसरा स्थान

- खिलाड़ियों ने 10 पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम चमकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मदवि द्वारा आयोजित ताइक्वांडो इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य गीता ने छात्राओं का स्वागत किया। शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. सुमन मान ने बताया कि प्रतियोगिता 10 से 12 फरवरी को मदवि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुई थी, जिसमें अलग-अलग भार वर्ग व श्रेणियों में खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक जीतकर कॉलेज को दूसरा स्थान दिलाया। वृणिका, रिधि माराणा और ज्योति यादव ने स्वर्ण पदक, सोनिया भारद्वाज, शिवानी और शहनाज प्रवीण ने रजत पदक, जबकि नेहा, दिशा, प्रेरणा सैनी और डिम्पल ने कास्य पदक हासिल किया। टीका राम शिक्षा समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में खुशी तृतीय रही

**गोहाना।** राजकीय महिला कालेज गोहाना की बीएससी कम्प्यूटर साइंस की द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी एवं स्वाति ने पंडित नेकीराम कालेज रोहतक में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. मीनाक्षी सांगवान के साथ डा. अनिल और डा. पर्ल ने छात्राओं को सम्मानित करते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रदर्शनी में पूरे प्रदेश से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक माडल और शोध आधारित परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। खुशी और स्वाति ने स्मार्ट होम आटोमेशन परियोजना ने अपनी मौलिकता, वैज्ञानिक सोच, व्यावहारिक उपयोगिता और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। इस परियोजना का मार्गदर्शन डा. अंजू कौशिक ने किया जिनके निर्देशन में छात्राओं ने यह सफलता हासिल की।

# तकदीर मलिक ने दिल्ली स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप में कब्जाया रजत पदक

- पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में पदक विजेता का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ, कामी रोड में डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छठे सेमेस्टर के छात्र तकदीर मलिक ने दिल्ली स्टेट आर्चरी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर लड़कों के रिकर्व टीम मुकाबले में रजत पदक जीतकर प्रतिभा का परिचय दिया। दिल्ली आर्चरी एसो की तरफ से आयोजित इस प्रतियोगिता में युवा तीरंदाज तकदीर मलिक ने देवांश स्पोर्ट्स एकेडमी का प्रतिनिधित्व किया और अपने सधे हुए निशाने से सभी को प्रभावित किया। सोनीपत के पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में लौटने पर युवा तीरंदाज का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, उनके बड़े भाई कटार सिंह, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया मौजूद थे।



सोनीपत। चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, कटार सिंह व प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया पदक विजेता युवा तीरंदाज तकदीर मलिक का हौसला बढ़ाते हुए।



### बच्चों को साइबर सुरक्षा बारे जागरूक करना जरूरी

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से 'साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ' विषय पर क्षमता निर्माण वर्कशॉप का विशेष आयोजन किया गया ,जिसमें विभिन्न स्कूलों के 53 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन, स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन डा.संजय त्यागी व कोमल बत्रा के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक, गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, सरिता, योगिंद्र कुमार, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# शिक्षा के लिए घर से दूर जाने वाले बच्चों पर विशेष नजर रखें: नरवाल

- स्कॉलर कॉन्वेंट स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्षिक समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

थाना कलां मार्ग स्थित स्कॉलर कान्वेंट स्कूल में वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि आईजी ओ.पी नरवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आईजी ओपी नरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों की रुचि के अनुसार अभिभावकों उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए घर से दूर जाने वाले बच्चों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता बताई, ताकि वे गलत संगत और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। ओलंपियन खिलाड़ी अशोक गर्ग, द्रोणाचार्य अवार्डी एवं पूर्व एसपी अनूप सिंह दहिया, हिंद केसरी पहलवान संजय दहिया और संदीप सिसाना सहित गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।



खरखौदा। अपना उद्बोधन देते मुख्य अतिथि ओपी नरवाल। फोटो :हरिभूमि

### शैक्षणिक सत्रों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी: डॉ. अमिक

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन, सोनीपत में "साइट तथा उसके आसपास के परिवेश का समालोचनात्मक मूल्यांकन" विषय पर एक ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइट विश्लेषण के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना और डिज़ाइन प्रक्रिया में पर्यावरण व उपयोगकर्ता आवश्यकताओं की समझ विकसित करना था। प्रख्यात लैंडस्केप आर्किटेक्ट संतानु साहा ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी परियोजना की सफलता साइट के समग्र अध्ययन पर निर्भर करती है और स्थलाकृति, जल प्रवाह, हरित आवरण, सूर्य व पवन दिशा तथा आसपास के परिवेश का अध्ययन डिज़ाइन को प्रभावी बनाता है। उन्होंने सतत विकास और पर्यावरण अनुकूल डिज़ाइन की महत्ता पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आर्किटेक्चर की प्रिंसिपल प्रोफेसर तनुश्री ने विद्यार्थियों को स्थानीय संदर्भ से जुड़े डिज़ाइन पर बल दिया। कॉलेज के जनरल डायरेक्टर कर्नल डॉ. अमिक गर्ग ने ऐसे शैक्षणिक सत्रों को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# इंडियन मॉडर्न स्कूल में किया ज्ञान महाकुंभ प्रदर्शनी का आयोजन

- अपने मॉडलों के माध्यम से जटिल अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से विद्यार्थियों ने किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

इंडियन मॉडर्न विद्यालय में ज्ञान महाकुंभ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला अधिकारी नवीन गुलिया ने दीप प्रज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ गया। गुलिया ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए क्रियाशील मॉडलों का अवलोकन किया और उनके कार्यों की सराहना की। प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कंम्पयूटर, एआई एवं भाषा कला संबंधित अनेक क्रियाशील मॉडल प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से जटिल अवधारणाओं को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। आगंतुक मेहमानों विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदर्शनी में आए अभिभावक, विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयास को देखकर गद-गद हुए।




सोनीतप। प्रदर्शनी के दौरान मॉडल के बारे में बताती छात्रा।

## जीवीएम ने आठ प्रथम पुरस्कारों सहित कुल 20 पुरस्कार जीते

# रंग बहार महोत्सव में जीवीएम ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

प्रधान डा. ओपी परूथी ने अपनी ओर से मालियों को दी 5100 की पुरस्कार राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

पुष्प एवं पौध सज्जा को समर्पित फ्लॉवर-शो रंग बहार महोत्सव में जीवीएम गर्ल्ज कालेज ने बेस्ट एग्जीबिटर अवॉर्ड के साथ ओवरऑल ट्रॉफी जीती। जीवीएम ने आठ प्रथम सहित कुल बीस पुरस्कार जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी ने इस प्रदर्शन पर कालेज के मालियों को अपनी ओर से 5100 रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। वहीं, प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने पूरे दल को बधाई दी। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में फ्लॉवर-शो रंग बहार का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की टीम ने भी हिस्सा लिया। बोटनी विभाग की डीन डा. अनीता सैनी व प्राध्यापिका सुमन तथा होम साइंस विभागाध्यक्ष मोनिका के निर्देशन में जीवीएम ने फ्लॉवर शो में बेहतरीन प्रदर्शन किया।



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### ये रहे विजेता

कैटेगरी-1 के तहत आयोजित फ्रैश फ्लॉवर अरेंजमेंट स्पर्धा में जीवीएम की बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय वर्ष की खुशी ने प्रथम स्थान, कैटेगरी-2 की फ्लोरल ज्वैलरी स्पर्धा में बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय वर्ष की इशिता ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। कैटेगरी-3 की कट फ्लॉवर्स स्पर्धा में जीवीएम ने दो प्रथम तथा तीन द्वितीय पुरस्कार जीते। कैटेगरी-4 की फ्लोरल एगजीबिट्स स्पर्धा में जीवीएम ने दो प्रथम तथा दो द्वितीय और एक तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। कैटेगरी-5 की फॉलाजय प्लांट-बोन्सायल स्पर्धा में जीवीएम की टीम ने तीन प्रथम सहित दो द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए। कैटेगरी-2 के अंतर्गत पेंटिंग स्पर्धा में जीवीएम की बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा पायल ने द्वितीय, ऑन द स्पॉट पेंटिंग स्पर्धा में बीबीए प्रथम वर्ष की मीनाक्षी ने द्वितीय तथा रील मेकिंग स्पर्धा में बीए ज्योग्राफी ऑनर्स द्वितीय वर्ष की निकिता ने द्वितीय पुरस्कार हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### प्रांतीय सीनियर कुराश चैंपियनशिप में भारती प्रथम

**खरखौदा।** प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खरखौदा में हरियाणा राज्य सीनियर कुराश चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। उद्‌घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट मुकेश बुवाना (भाजपा के डिप्टी कोऑर्डिनेटर, स्पोर्ट्स सेल) शिरकत की। चैंपियनशिप में प्रदेश भर से लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। महिलाओं के 63 किग्रा भार वर्ग में भारती (सोनीपत) प्रथम, जुगांतरा (गुरुग्राम) द्वितीय व तनिशा (भिवानी) तृतीय रहीं।

### समाधान शिविर में प्राप्त हुई 7 शिकायतें

**खरखौदा।** लघु सचिवालय खरखौदा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान 7 शिकायतें प्राप्त हुई। समाधान शिविर का आयोजन तहसीलदार विजेंद्र नांदल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान स्वामित्व योजना, परिवार पहचान पत्र, पीने के पानी की पाइप लाइन बदलने बारे, पाइप लाइन को ठीक करवाने, गली को पक्का करवाने, प्लाटों का कब्जा दिलवाने व हरिजन बस्ती में बिजली का पोल लगवाने से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। तहसीलदार विजेंद्र नांदल ने सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए है।

## विधायक मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन ने किया शुभारंभ

# 2.70 करोड़ से होंगे विकास कार्य, पक्की होंगी गलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन सोमवार को वार्ड नं 14 के मोहन नगर में 33 फूटे बाई पास पर पहुंचे जहां उन्होंने नारियल तोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज लगभग 85 लाख रुपए की लागत से वार्ड नं 14 के मोहन नगर -2 में कच्ची पड़ी विभिन्न गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करने के कार्य को शुरू करवाया गया है। इस कार्य में सभी कच्ची पड़ी गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा पक्का किया जाएगा। विधायक निखिल मदन ने बताया कि मोहन नगर की कुछ गलियां काफी समय से कच्ची पड़ी थी, जिन्हें हाल ही में सरकार द्वारा वैध घोषित किया गया है, ऐसी सभी गलियों को पक्का किया जाएगा। पूर्व मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज राजीव नगर की विभिन्न गलियों को 61 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का करने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस कार्य में गली नं 1 से लेकर गली नं 6 तक सभी गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों को भी समय पर पूरा किया जाएगा।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक साथ में पूर्व मेयर एवं अन्य।

### सामुदायिक केंद्र का किया लोकार्पण

इसके बाद विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन वार्ड नंबर 13 के शादीपुर गांव में पहुंचे, जहां उन्होंने लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से पूरे हुए सामुदायिक केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद बबीता कौशिक, संगीता सैनी, मनोनीत पार्षद चरण सिंह जोगी, पार्षद प्रतिनिधि त्रिभुवन कौशिक, देवेंद्र सैनी, संजय ठेकेदार, हरि सिंह, राहुल छिक्कारा, प्रवीन सिसोदिया, राजेश पुनिया, शैलेंद्र तोमर, विनोद कौशिक, आनंद कौशिक, ओम प्रकाश कौशिक, राकेश ,पुष्पलता, अमृता, महताब, कमलेश, प्रेम, सतनारायण, रेणु, देवेंद्र वर्मा, जोगिंदर वर्मा, राजेंद्र, महेंद्र, कलिराम, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

### फोर लेन की घोषणा रेल यात्रियों में खुशी

**सोनीपत।** दिल्ली अम्बाला रेल लाइन को फोर लेन बनाये जाने की घोषणा से सोनीपत के दैनिक रेल यात्रियों में हर्ष की लहर है क्योंकि फोर लेन की लाइन बिछने के बाद नई रेल गाड़ियों को शुरू करने तथा एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की लम्बे समय से चल रही मांगें पूरी होंगी। नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इस परियोजना के लिए 5983 करोड़ रूपये मंजूर करने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि कई बार रेल मंत्री एवं उत्तर रेलवे के अधिकारियों से मिलकर लम्बी दूरी की एक्सप्रेस रेल गाड़ियों के ठहराव एवं नई रेल गाड़ियां चलाने की मांग कर चुके थे परन्तु हर बार यही जवाब मिलता था कि यह रुट व्यस्तम होने के कारण मांगें पूरी होना संभव नहीं है।

### हमारी सनातन संस्कृति ही हमारे संस्कार : इंदुराज

**गोहाना।** क्षेत्रके गांव रिवाड़ा स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मुख्य अतिथि बरोदा विधानसभा के विधायक इदुराज नरवाल (भालू) मुख्य थे। विधायक ने कार्यक्रम में श्री श्री 1008 बाबा भलेगिरी महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति ही हमारे संस्कार हैं। हमारी आने वाली पीढियां संस्कारवान बनें इसके लिए अपनी संस्कृति को मजबूती प्रदान करें।

## खबर संक्षेप



### नव ज्योति शिक्षा सदन में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

**गन्नौर।** खुबड़ू भांवर स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में सोमवार को कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जूनियर विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत कर सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत, कविता और मनोरंजक खेलों ने समां बांध दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि नए भविष्य की ओर बढने का अवसर है और छात्र अपने परिवार, क्षेत्र व देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सीनियर विद्यार्थियों ने विद्यालय को सोलर पैनल भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किए गए।



### रंगोत्सव थीम पर चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव रंगोत्सव थीम पर बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव, सामाजिक जागरूकता और व्यक्तित्व विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, संगीत और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से परिवर्तन का संदेश दिया, जिसमें शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को दर्शाया गया। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की सराहना की। मुख्य अतिथि अरुण त्यागी चेयरमैन नगर पालिका गनौर, विशिष्ठ अतिथि निशांत छौक्कर, योगेश कौशिक वाईस प्रेजीडेंट मार्किट कमेटी, सरपंच नरेंद्र यादव, रविंदर धनखड़ निदेशक रतिराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जोगिंदर मलिक आदि शामिल रहे।



### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई परीक्षा को लेकर बैठक

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल, गन्नौर को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सीबीएसई द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि परीक्षाएं सुचारु एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता को परीक्षा केंद्र का केंद्र अधीक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही विद्यालय की समन्वयक नेहा सिंधु को उप-केंद्र अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। विद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। विद्यार्थियों को सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। विद्यालय परिवार परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



### तनाव और भौतिक दौड़ के बीच आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाना जरूरी : माईराम

**राई।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के विश्व कल्याण सरोवर, मुरथल में परमात्म प्यार, श्रेष्ठ उपहार विषय पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहनों ने भाग लेकर शिव संदेश का लाभ उठाया। मुख्यातिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में माईराम कौशिक ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आत्मपरिवर्तन का अवसर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव और भौतिक दौड़ के बीच आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाना आवश्यक है। ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा समाज में नैतिकता, नशामुक्ति और पारिवारिक संस्कारों के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा का सच्चा प्यार मानव जीवन को नई दिशा देता है और हमें सेवा व सद्भाव का मार्ग दिखाता है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी गीता दीदी ने कहा कि महाशिवरात्रि शिव के अवतरण का स्मृति दिवस है। यह वह पावन घड़ी है जब परमात्मा शिव मानव आत्माओं को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान का प्रकाश देते हैं। कार्यक्रम में दिव्य गीतों की प्रस्तुति ने



### बेगा की बेटी गीता को विधायक कादियान ने दी पावरलिफ्टिंग किट

**गन्नौर।** गांव बेगा की बेटी और नॉर्थ इंडिया बेस्ट लिफ्टर का खिताब जीत चुकी गीता के सपनों को अब नए पंख लगेंगे। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में गीता को पावर लिफ्टिंग किट भेंट की और खेलों में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। गीता बीए प्रथम वर्ष की छात्रा होने के बावजूद रोजाना कई घंटे अभ्यास करती है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बाद भी उसके हौंसले बुलंद है। किट मिलने पर गीता ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इससे उसे अभ्यास में काफी मदद मिलेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गीता जैसी खिलाड़ियों को संसाधनों की कमी के कारण रुकना नहीं पड़ेगा। भविष्य में भी हर संभव मदद की जाएगी। सोमवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाया। गांवों और शहर से बड़ी संख्या में लोग निजी व सार्वजनिक समस्याएं लेकर पहुंचे। पेंशन कटने और बिजली आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें ज्यादा रही। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए गए। इस पर मौके संबंधित अधिकारी को मौके का निरीक्षण का रिपोर्ट देने को कहा। इस दौरान विधायक कादियान ने कहा कि लोग एक बड़ी उम्मीद लेकर उनके पास आते है। उनका प्रयास है कि हर फरियादी की समस्या का मौके पर ही समाधान हो औश्र प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ काम करें।

## पुलिस लाइन के पीछे सीवरेज पाइपलाइन का काम ठप, लोगों को हो रही परेशानी

**सोनीपत।** पुलिस लाइन के पीछे डाली जा रही सीवरेज पाइपलाइन का कार्य पिछले काफी समय से बंद पड़ा हुआ है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों एवं राहगीरों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधूरा पड़ा निर्माण कार्य न केवल आवागमन में बाधा बन रहा है, बल्कि क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खोदकर छोड़ दी गई है, जिससे वहां से केवल सिंगल दोपहिया वाहन ही किसी तरह निकल पा रहा है। कार, ऑटो, ई-रिक्शा तथा अन्य चारपहिया या तीनपहिया वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह बाधित है। इसके कारण स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों को विशेष परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त, सीवरेज पाइपलाइन भी सही ढंग से कार्य नहीं कर रही है, जिससे गंदा पानी इधर-उधर जमा हो रहा है और बदबू के कारण आसपास के लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्य पूर्ण करवाने और सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है। इस अवसर पर जयवीर गहलावत ने कहा कि अधूरा छोड़ा गया विकास कार्य आमजन के लिए मुसीबत बन जाता है। उन्होंने संबंधित विभाग से तुरंत संज्ञान लेकर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की मांग की।

**मार्केट न्यूज**

### फिम्स की आधुनिक मिनिमल इन्वेसिव सर्जरी

**सोनीपत।** हाल ही में, एक 38 वर्षीय युवक की अपने घर में सीढ़ियों से गिरने की वजह से उसकी कमर व पेट में सीढ़ी का कोना लगने से गम्भीर चोट आई थी। परिणाम स्वरूप रीढ़ की हड्डी का फ्रेक्चर होने व नस फट जाने से पेट में खून बहना शूरू हो गया था। जिसके कारण उसका बी.पी. एवं हिमोग्लोबिन लगातार गिर रहा था। फिम्स अस्पताल में लाया गया जहां उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए चार यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। इसके बावजूद भी खून की मात्रा शरीर में कम होकर सिर्फ चार ग्राम रह गयी थी। बी.पी.भी काफी कम हो गया था जिससे



मरीज मौत के बहुत करीब पहुँच चुका था। मरीज की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत डी'एस'ए' लैब में शिफ्ट किया तथा उसका ब्लीडिंग पॉइंट ढंढ़ा गया। डॉक्टरों की टीम द्वारा कडी मेहनत से, एंडोवेस्कूलर कोआंएल ऐम्बोलाइज़ेशन की उन्नत तकनीक की सहायता से ब्लीडिंग वाली धमनी को बंद किया गया। यह अत्याधुनिक प्रकिया सिर्फ सूई की छेद के बराबर प्रक्रिया द्वारा ही संपन्न की गई क्योंकि रोगी की हालत उस समय ओपन सर्जरी के लायक नहीं थी। इस समस्त प्रक्रिया को अपनाने के तुरंत बाद रोगी की ब्लीडिंग बंद हो गई तथा मरीज अगले दिन सुबह तक सामान्य हालत में आ गया। तदोपरांत , आवश्यकता के अनुरूप 4-5 दिन तक इलाज के बाद मरीज को स्टेबल हालत में आने पर सकुशल डिस्चार्ज किया गया। फिम्स के प्रबंध निदेशक-रजत जैन ने कहा कि इस प्रकार की मिनिमल इन्वेसिव सर्जरीज़ आज के समय मे सोनीपत मे केवल फिम्स अस्पताल मे ही उपलब्ध हैं।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

*राजनीतिक व धार्मिक आयोजनों से गरमाया सोनीपत का माहौल, कांग्रेस ने कसी कमर*

## जनता की आवाज को प्राथमिकता देना ही कांग्रेस का मुख्य ध्येय : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को राजनीतिक और धार्मिक गतिविधियों की धूम रही। एक ओर जहां जिला कांग्रेस कमेटी ने ककरोई रोड और पटेल नगर में जनसभाएं कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया, वहीं दूसरी ओर महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रमों और विराट हिंदू सम्मेलन ने शहर को भक्तिमय बना दिया। इन सभी आयोजनों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ककरोई रोड स्थित विवेकानंद स्कूल वाली गली में कमल शर्मा के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष कमल दीवान और ग्रामीण अध्यक्ष संजीव दहिया ने शिरकत की। वक्ताओं ने क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कमल दीवान ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज को प्राथमिकता देती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, सचिव प्रेम रेलन, दिनेश हुड्डा, अनुज जैन और लीलू प्रधान ककरोई मुख्य रूप से मौजूद रहे। आगामी चुनावों के मद्देनजर जिला अध्यक्षों ने जनता से अपील की कि वे एक ईमानदार और कर्मठ पार्षद के चयन के लिए अपने सुझाव दें। जिंदल ग्लोबल सोसाइटी परिसर में सकल हिंदू समाज द्वारा विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान एवं संजीव दहिया साथ में अन्य।

### शिव स्तुति और भजनों से भक्तिमय हुआ मशद मोहल्ला

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मोहल्ला मशद स्थित श्री कृष्ण मंदिर में शिव स्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कमल दिवान का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। मंदिर में बच्चों द्वारा दी गई धार्मिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कमल दिवान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं। नन्हे कलाकारों ने भजनों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया।

## साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में एनसीएफ-एसई पर कार्यशाला



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल में आयोजित कार्यशाला में मौजूद रिसोर्स पर्सन व प्रतिभागी शिक्षक।

**सोनीपत।** मुरथल स्थित साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल में शिक्षा के बदलते स्वरूप और 'नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन' (एनसीएफ-एसई) 2023 पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य ने की। इस वर्कशॉप में क्षेत्र के प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 21वीं सदी की शिक्षण पद्धतियों को बारीकी से समझा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में करनाल (सेक्टर-7) स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल शालिनी नारंग ने शिरकत की। उन्होंने अपने 28 वर्षों के लंबे शैक्षणिक अनुभव को साझा करते हुए बताया कि कैसे स्कूलों में एकेडमिक लीडरशिप को मजबूत किया जा सकता है। उनके साथ बहादुरगढ़ के स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल से विश्वास मलिक (एचओडी - सोशल साइंस व कॉमर्स) ने 12 वर्षों के अपने अनुभव से करिकुलम को प्रभावी ढंग से लागू करने के व्यावहारिक गुर सिखाए। वर्कशॉप का मुख्य केंद्र एनसीएफ-एसई 2023 रहा, जो नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत 3 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए 5+3+3+4 के नए स्ट्रक्चर को परिभाषित करता है। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री, एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा और कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने इस कार्यशाला को शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



### ताजपुर में सनातन शिक्षा गुरुकुल व गोवंश उपचार केंद्र के लिए भूमि पूजन

**राई।** ताजपुर गांव में रविवार को श्री कृशिव अखाड़ा न्यास के तत्वावधान में महर्षि वेद व्यास पीठ सनातन शिक्षा गुरुकुल एवं गोवंश उपचार केंद्र के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई और उपस्थित संतों व ग्रामीणों ने धर्म कार्य की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में श्री कृशिव अखाड़ा के संस्थापक स्वामी पंकजाचार्य, साध्वी रेखा आचार्य व्यास, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच प्रमोद त्यागी, रघबीर सिंह, गुरदीप नैन तथा नंदकिशोर मुरथल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। भूमि पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर स्वामी पंकजाचार्य ने कहा कि गुरुकुल की स्थापना का उद्देश्य नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और नैतिक शिक्षा से जोडना है।

**जागरूकता** विद्यालयों में विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से की तैयारियां

# राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी घर घर जल संरक्षण की जगाएंगे भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला के 21 राजकीय विद्यालय के विद्यार्थी समाज में जल संरक्षण की भावना जगाएंगे। इसके लिए विद्यार्थियों की ओर से विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से तैयारी की गई है। राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद, गुरुग्राम की ओर इस कार्य के लिए जिला के 21 विद्यालयों का चयन कर उन्हें वित्तीय सहायता राशि भी प्रदान की है। इनमें प्रत्येक खंड से 3 विद्यालयों सहित जिला के 21 स्कूलों को 4000 रुपये (प्रति विद्यालय) की राशि राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण से संबंधित कार्यों के लिए दी गई है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सोनीपत के चयनित इन 21 विद्यालयों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के विभिन्न क्रियाकलाप जैसे खंड व जिला स्तर या ग्रामीण स्तर पर जल वितरण एवं शोधन प्रणाली स्थानों का भ्रमण संबंधी कार्यों से अवगत कराया है।



**सोनीपत।** सोनीपत में पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया को पौधा भेंट करते जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह।

### जल संरक्षण से संबंधित निबंध लेखन क्विज प्रतियोगिता भी होगी

साथ ही विद्यालयों में जल संरक्षण से संबंधित निबंध लेखन, क्विज प्रतियोगिता, विद्यालय परिसर में पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन सभी विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थियों ने पर्यावरण सुरक्षा के साथ भविष्य के लिए जल संरक्षण के प्रति कार्यक्रम में जागरूकता दिखाई है। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अब यह विद्यार्थी अपने घर व समाज के अंदर पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण, जल बचाओ अभियान के माध्यम से इसे घर-घर तक ले जाएंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण व स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा सकें।